फारम सं0-563

आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
2	3

अभिलेख उपस्थापित।

(1.) बसंत कुमार पिता स्व0 नागेश्वर राम एवं (2.) जय प्रकाश राम पिता स्व0 प्रवीण राम, निवास स्थान ग्राम-ओरिया, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-बेलामुण्डवार, थाना संख्या-235, खाता संख्या-29, प्लॉट संख्या-258, रकवा 0.08 एकड़ (08 डिसमिल) (आठ डिसमिल) भूमि प्रीति कुमारी पिता हेमराज रविदास, निवास स्थान प्रेम नगर, सिन्दूर, थाना-सदर, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदक एवं प्रस्तावित क्रेता का जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र एवं भूमि संबंधी कागजात की छायाप्रति संलग्न करते हुए आवेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-91/2023 प्रारम्भ कर कार्यालय पत्रांक 403/रा0 दिनांक 03.02.2023 द्वारा अंचल अधिकारी, सदर को आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के पत्रांक 817 दिनांक 28.04.2023 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन, आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं चेक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इस्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि -

क्रेता एवं विक्रेता अनुसूचित जाति के अन्तर्गत है एवं हजारीबाग जिला के निवासी हैं। आवेदित भूमि खतियान से हासिल है। खतियान के अनुसार प्रश्नगत् भूमि रैयती खाते की भूमि है। खतियानी रैयत छट्टू चमार हैं। खतियान के अनुसार धारित कुल रकवा 1.14 एकड़ भूमि है। पंजी-।। अनुसार जमाबंदी रैयत द्वारा धारित कुल रकवा 1.14 एकड़ भूमि है। पंजी-।। के पृष्ठ संख्या-41/I में छट्टू चमार के नाम जमाबंदी दर्ज है। लगान रसीद वर्ष 2020-21 तक निर्गत् है। आवेदकों के परदादा जमाबंदी रैयत हैं। आवेदक संख्या-02 के द्वारा धारित कुल रकवा 0.2850 एकड़ एवं आवेदक संख्या-01 के द्वारा धारित कुल रकवा 0.19 एकड़ भूमि धारित है। बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् आवेदक संख्या-01 के पास रकवा 0.2450 एकड़ भूमि एवं आवेदक संख्या-02 के पास रकवा 0.15 एकड़ भूमि बचता है। विक्रेता भूमि बिक्री करने का अधिकार है। प्रस्तावित भूमि भूदान/भू-अधिग्रहण क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी
1	2	
	भूमि/सरकारी भूमि के अन्तर्गत नहीं है। साथ ही BLR Act Section 4h से मुक्त है। प्रस्तावित भूमि आवेदक के दखल कब्जा में है। प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को लाल रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहद्दी भी अंकित किया गया है। अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के अनुशंसा के आलोक में (1.) बसंत कुमार पिता स्व0 नागेश्वर राम एवं (2.) जय प्रकाश राम पिता स्व0 प्रवीण राम, निवास स्थान ग्राम-ओरिया, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-बेलामुण्डवार, थाना संख्या-235, खाता संख्या-29, प्लॉट संख्या-258, रकवा 0.08 एकड़ (08 डिसमिल) (आठ डिसमिल) भूमि प्रीति कुमारी पिता हेमराज रविदास, निवास स्थान प्रेम नगर, सिन्दूर, थाना-सदर, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है। लेखापित एवं संशोधित अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग। अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।	

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2023.09.09 16:53:39 +05:30
Location: 192.168.0.104